हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : registrar@durguniversity.ac.in *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359100*

क्र. 1257/प्रवेश/2021 दुर्ग, दिनांक 04.10.2021

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।

विषयः– महाविद्यालयों में प्रवेश तिथि में वृद्धि के संबंध में।

संदर्भः– 1. छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर का पत्र क्र. एफ 17–95/2017/38–2 नवा रायपुर अटलनगर, रायपुर दिनांक 01.10.2021।

2. कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, ब्लॉक सी–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर का पत्र क्र. 1982/214/आउशि/सम./2021 दिनांक 04.10.2021।

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के अनुक्रम में विश्वविद्यालय द्वारा रिक्त सीटों पर माननीय कुलपति जी की अनुमति से विश्वविद्यालय का ऑनलाईन पोर्टल महाविद्यालयों में रिक्त सीटों में छात्रों के प्रवेश हेतु खोला जा चुका है जो कि दिनांक 09.10.2021 रात्रि 12:00 बजे तक खुला रहेगा। जिसे महाविद्यालय के प्राचार्य नियमानुसार अपने स्तर पर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करेंगे।

दिनांक 09 अक्टूबर 2021 को रात्रि 12:00 बजे पोर्टल बंद हो जाएगा। इसके पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य स्वविवेक से अनिवार्य रूप से 100 प्रतिशत सीटों पर प्रवेश देना सुनिश्चित करें। दिनांक 09.10.2021 के पश्चात किसी भी स्थिति में प्रवेश प्रक्रिया स्वीकार नहीं होगी, अन्यथा की स्थिति में महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रवेश प्रभारी जिम्मेदार होंगे।

आदेशानुसार

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय

पृ.क्र.1258/प्रवेश/2021 दुर्ग, दिनांक 04.10.2021

प्रतिलिपिः–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन, महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/वित्त अधिकारी/उ.कु.स. परीक्षा/अकादमिक/गोपनीय एवं संबंधित प्रवेश कार्य सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. प्राचार्य, संबंधित समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
7. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र/पत्रिकाएं दुर्ग/बेमेतरा/राजनांदगांव/कबीरधाम/बालोद को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के आगामी अंक में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय